# स्वागतम्

डायट पटना विक्रम में डी.एल.एड. सत्र 2026–28 में नामांकन के लिए चयनित अभ्यर्थियों का स्वागत है।

BSEB द्वारा निर्धारित नामांकन की तिथि के सभी दिन (अवकाश के दिन भी) नामांकन हेतु संस्थान खुला है।

**संस्थान में नामांकन प्रक्रिया संबंधी आवश्यक निर्देश**

1. आवश्यक फॉर्म आपको स्वयं से प्रिंट कराकर तथा संभव हो तो भरकर लाना है। (संस्थान के वेबसाइट https://dietpatna.in पर उपलब्ध)
2. दो फोल्डर फाइल, नोटरी के द्वारा प्रमाणित शपथपत्र एवं ड्राफ्ट बनवाकर संस्थान आना है।
3. संस्थान में आने के बाद आने का क्रम निर्धारण हेतु क्रम संख्या पर्ची प्राप्त करें। कक्षा–कक्ष संख्या–01 में बैठकर अपने अभिलेख व्यवस्थित करना है।
4. दो फोल्डर फाइल में आवश्यक अभिलेख का एक–एक सेट रखकर फाइल जमा करना है।
5. फाइल में अभिलेख रखने का क्रम वही होगा जो चेक–लिस्ट में अंकित है। चेकलिस्ट में दिए गए निर्देश का पालन करना है।
6. चेक–लिस्ट में अंकित अभिलेख जो आप पर लागू होता है, वही जमा करेंगे। जैसे आप निःशक्त नहीं हैं तो यह आप पर लागू नहीं होता है और इससे संबंधित अभिलेख जमा नहीं करना है।
7. चेकलिस्ट के अनुसार अभिलेख एवं फाइल तैयार कर निर्देशानुसार इसे समर्पित करना है।
8. व्हाट्सएप्प के क्यू.आर. कोड को स्कैन कर संस्थान के व्हाट्सएप्प समूह में सम्मिलित होंगे।
9. गूगल फॉर्म में आवयक सूचना उपलब्ध कराना है। इसके लिए उपलब्ध क्यू.आर. कोड स्कैन कर फॉर्म भरें।

निर्देशानुसार

प्रभारी प्राचार्य